www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

8. 2 और 3 बजे की बीच किस समय एक घड़ी की सुईयाँ साथ-साथ होगी ?

(A) 2 बज कर $38\frac{2}{11}$ मिनट

(B) 2 बज कर $38\frac{10}{11}$ मिनट

(C) 2 बज कर $10\frac{10}{43}$ मिनट

(D) 2 बज कर $10\frac{10}{11}$ मिनट

9. जिलिल्लाह शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसके द्वारा किया गया था ?

(A) अलाउद्दीन खिल्जी

(B) अकबर

(C) बलबन

(D) इल्तुतमिश

10. 2023 में 200 अरब अमेरिकी डॉलर का बाजार पूंजीकरण पार करने वाली पहली भारतीय कंपनी कौन-सी बनी ?

(A) इन्फोसिस

(B) एचडीएफसी बैंक

(C) टीसीएस

(D) रिलायंस इंडस्ट्रीज

11. 'पावर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इण्डिया' पुस्तक 1901 में किसके द्वारा प्रकाशित की गई थी ?

(A) दादाभाई नौरोजी

(B) एस. एन. बनर्जी

(C) आर. सी. दत्त

(D) फीरोजशाह मेहता

12. सिरके में खट्टे स्वाद का कारक है

(A) टारटारिक अम्ल

(B) लैक्टिक अम्ल

(C) साइट्रिक अम्ल

(D) इनमें से कोई नहीं

13. 2022 शीतकालीन ओलंपिक की मेज़बानी किस देश ने की ?

(A) चीन

(B) दक्षिण कोरिया

(C) कनाडा

(D) जापान

14. लोकसभा के अध्यक्ष को प्राप्त है

(A) केवल समान मत होने की स्थिति में मतदान का अधिकार

(B) सदन के अन्य सदस्यों की भाँति मतदान का अधिकार

(C) दो मताधिकार – एक सामान्य अवधि में और दूसरा समान मत होने पर

(D) मतदान का अधिकार नहीं

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

15. दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप का सबसे प्राचीन पर्वत कौन-सा है ?

(A) पैकारैमा

(B) टुमक-हूमक

(C) एण्डीज पर्वत

(D) ब्राज़ील पर्वत

16. 2024 में किसे भारतरत्न दिया गया ?

(A) सी. एन. आर. राव

(B) एम. एस. स्वामीनाथन

(C) चन्द्रशेखर

(D) प्रणव मुखर्जी

17. निम्न में से कौन राष्ट्रपति के निर्वाचक मण्डल के रूप में कार्य करता है लेकिन महाभियोग प्रक्रिया में भाग नहीं लेता है ?

(A) राज्य विधान परिषदें

(B) राज्य विधान सभाएँ

(C) राज्यसभा

(D) लोकसभा

18. 1917 में चंपारण सत्याग्रह का नेतृत्व किसने किया ?

(A) जवाहरलाल नेहरू

(B) सुभाष चंद्र बोस

(C) सरदार पटेल

(D) महात्मा गांधी

19. कलियाँ विशिष्ट रूप से पायी जाती है

(A) दोनों पत्तियों के आधार एवं शाखाओं के सिरे पर

(B) शाखाओं के सिरे पर

(C) पत्तियों के आधार पर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. इशिहारा टेस्ट किससे सम्बंधित है ?

(A) अस्थि घनत्व

(B) आई.क्यू.

(C) रंग अंधता

(D) हीमोग्लोबिन स्तर

21. बिरसा मुण्डा विद्रोह कहाँ हुआ था?

(A) चम्पारण

(B) बालिया

(C) राँची

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद आपातकाल की घोषणा से संबंधित है ?

(A) अनुच्छेद 360

(B) अनुच्छेद 365

(C) अनुच्छेद 356

(D) अनुच्छेद 352

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. मध्य प्रदेश की सर्वाधिक लम्बी सीमा किस राज्य के साथ है ?

(A) महाराष्ट्र

(B) आंध्र प्रदेश

(C) उत्तर प्रदेश

(D) राजस्थान

24. जी.एस.टी. परिषद का चेयरपर्सन कौन होता है ?

(A) भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर

(B) निगमित मामलों का केन्द्रीय मंत्री

(C) वित्त आयोग का चेयरमेन

(D) केन्द्रीय वित्त मंत्री

25. निम्नलिखित में से कौन-सा राजकोषीय नीति का एक उपकरण है ?

(A) कर.

(B) नकद आरक्षित अनुपात

(C) साख सीमा

(D) बैंक दर

26. 'तारीख-ए-फिरोज शाही' किसके द्वारा लिखी गई थी ?

(A) शम्स सिराज अफीफ

(B) याह्या सरहिन्दी

(C) मिन्हाज सिराज

(D) इसामी

27. 2023 के विश्व आर्थिक मंच की बैठक की मेज़बानी किस देश ने की ?

(A) जापान

(B) कनाडा

(C) जर्मनी

(D) स्विट्ज़रलैंड

28. 1939 में जब सुभाष चंद्र बोस ने इस्तीफा दिया तब भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष कौन बने ?

(A) राजेंद्र प्रसाद

(B) अबुल कलाम आज़ाद

(C) जवाहर लाल नेहरू

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

29. एक संधारित्र का प्रतिघात होता है

(A) आवृत्ति के समानुपाती

(B) आवृत्ति के वर्गमूल के व्युत्क्रमानुपाती

(C) आवृत्ति के व्युत्क्रमानुपाती

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

30. 2023 में COP28 जलवायु शिखर सम्मेलन की मेजबानी किस देश ने की ?

(A) इटली

(B) ब्राज़ील

(C) यूनाइटेड किंग्डम

(D) संयुक्त अरब अमीरात

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. बिहार के किस जिले में विश्व प्रसिद्ध चित्रांकन मिलता है ?
   (A) मधुबनी
   (B) मधेपुरा
   (C) दरभंगा
   (D) समस्तीपुर

2. संथाल हुल (विद्रोह) आदिवासी आंदोलन कब हुआ था ?
   (A) 1857-58
   (B) 1858-59
   (C) 1855-56
   (D) 1854

3. वाष्प मीथेन रिफार्मिंग तकनीक के उपयोग से प्राप्त करते हैं
   (A) ब्राउन हाइड्रोजन
   (B) ग्रे हाइड्रोजन
   (C) ग्रीन हाइड्रोजन
   (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. कुल जमा का अनुपात जो एक वाणिज्यिक बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक के पास रखना चाहिए, उसे कहा जाता है
   (A) कानूनी आरक्षित अनुपात
   (B) वैधानिक तरलता अनुपात
   (C) नकद आरक्षित अनुपात
   (D) जमा अनुपात

5. कर्क रेखा किस राज्य से होकर गुजरती है ?
   (A) बिहार
   (B) उड़ीसा
   (C) उत्तर प्रदेश
   (D) मेघालय

6. निम्न में से वह कौन-सा विषय है जिसके संवैधानिक संशोधन हेतु आधे से अधिक राज्यों की व्यवस्थापिका द्वारा अनुमोदन किया जाना अनिवार्य है, तभी यह संशोधन सम्भव होगा ?
   1. राष्ट्रपति का चुनाव ।
   2. संसद में राज्यों का प्रतिनिधित्व ।
   3. सातवीं अनुसूची की किसी सूची में ।
   4. राज्य विधान परिषद की समाप्ति हेतु ।

   सही उत्तर चुनिए ।
   (A) 2, 3 और 4
   (B) 1, 2 और 4
   (C) 1, 3 और 4
   (D) 1, 2 और 3

7. तीन धातुओं A, B एवं C का मानक इलेक्ट्रोड विभव क्रमशः 0.5 V, –3 V एवं –1.2 V है । इन धातुओं की अपचयन शक्ति होगी
   (A) A > C > B
   (B) B > C > A
   (C) C > B > A
   (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के पहले मुस्लिम अध्यक्ष कौन थे ?

(A) हसरत मोहानी

(B) बदरुद्दीन तैयबजी

(C) मौलाना आज़ाद

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**32.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने बिहार के एकसदनीय विधानमंडल को द्विसदनीय में बदल दिया : बिहार विधान सभा और बिहार विधान परिषद ?

(A) भारत सरकार अधिनियम 1919

(B) भारत सरकार अधिनियम 1909

(C) भारत सरकार अधिनियम 1935

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**33.** छोटा नागपुर पठार पर कर्क रेखा को कौन-सा नदी-युग्म दो बार काटता है ?

(A) दक्षिणी कोयल – दामोदर

(B) सुवर्णरेखा – दामोदर

(C) उत्तरी कोयल – दामोदर

(D) उत्तरी कोयल – सुवर्णरेखा

**34.** 2019 – 20 में बिहार के GSDP में किसका 60.2 प्रतिशत हिस्सा था ?

(A) सेवा क्षेत्र

(B) विनिर्माण क्षेत्र

(C) औद्योगिक क्षेत्र

(D) कृषि क्षेत्र

**35.** एक पेड़ के तने में मृदा सतह से 1 मी. दूरी पर एक काँटी ठोंकी जाती है । दो वर्ष बाद वह काँटी


(A) उसी जगह पर रहेगी

(B) अगल बगल जायेगी

(C) ऊपर जायेगी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36.** यदि त्रिभुज पुरुषों को दर्शाता है, आयत व्यवसायी को दर्शाता है और वृत्त करोड़पति को दर्शाता है, तो कौन-सा अंक उन पुरुषों को दर्शाता है जो कि व्यवसायी और करोड़पति दोनों हैं ?




(A) 12

(B) 13

(C) 10

(D) 3

**37.** बिहार के किस जिले में मक्का का उत्पादन सर्वाधिक होता है ?

(A) मुजफ्फरपुर

(B) पूर्वी चम्पारन

(C) सिवान

(D) सारण

**38.** व्यक्ति जो भारत का राष्ट्रपति, अमेरिका, चीन, टर्की और थाइलेंड के राजदूत रहने के साथ साथ जवाहर लाल यूनिवर्सिटी के कुलपति रह चुके हैं। वो हैं

(A) डॉ. एस. राधाकृष्णन

(B) डॉ. शंकर दयाल शर्मा

(C) के. आर. नारायण

(D) आर. वेंकटरमन

**39.** साइटोप्लास्ट के अन्दर प्रकाश संश्लेषण की अन्धेरी अभिक्रिया का वास्तविक स्थल होता है

(A) ग्रैनम

(B) ग्रैना लैमेला.

(C) स्ट्रोमा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** वनस्पति तेल को वनस्पति घी में हाइड्रोजनीकरण हेतु उपयोग में आने वाला उत्प्रेरक है

(A) Pd

(B) Fe

(C) Ni

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**41.** नेताओं की सूची – I को उनके क्षेत्र की सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कोड से चयनित उत्तर दें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. कुँवर सिंह | i. फैजाबाद |
| b. हजरत महल | ii. बरेली |
| c. खान बहादुर | iii. जगदीशपुर |
| d. मौलवी अहमदुल्ला | iv. लखनऊ |

कोड :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | iii | iv | ii | i |

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**42.** निम्न में से कौन-सा इलेक्ट्रोफाइल नहीं है ?

(A) $Na^+$

(B) $BF_3^-$

(C) $H^+$

(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**64.** किस वायसराय ने भारत में औपनिवेशिक आर्थिक संरचना का विकेंद्रीकरण किया ?

(A) मेयो

(B) कर्जन

(C) रिपन

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**65.** 1 जनवरी, 2008 को मंगलवार है । 1 जनवरी, 2009 को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा ?

(A) गुरुवार

(B) रविवार

(C) बुधवार

(D) सोमवार

**66.** उत्तरी-पूर्वी भारत का स्कॉटलैण्ड कौन-सा है ?

(A) अरुणाचल प्रदेश

(B) आसाम

(C) नागालैण्ड

(D) मेघालय

**67.** अप्रैल, 2020 में बिहार शिक्षा विभाग ने डीडी बिहार के माध्यम से निम्नलिखित कार्यक्रम शुरू किया

(A) कक्षा V-VI के छात्रों के लिए ई-सामग्री का प्रसारण

(B) कक्षा IX-X के छात्रों के लिए ई-सामग्री का प्रसारण

(C) किसानों के लिए करसक-चौपाल कार्यक्रम का प्रसारण

(D) बिहार की पुरानी संस्कृति को बचाने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रसारण

**68.** प्रसिद्ध पुस्तक गुलामगिरी के लेखक कौन हैं ?

(A) ज्योतिबा फुले

(B) रामास्वामी नायकर पेरियार

(C) बी. आर. अंबेडकर

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**69.** 2026 में आयोजित होनेवाले 20 वें एशियन खेलों की मेजबानी किस देश को मिली है ?

(A) चीन

(B) इन्डोनेशिया

(C) जापान

(D) भारत

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

57. निम्न में से कौन यूरोप का खेल का मैदान कहलाता है ?

(A) जर्मनी

(B) स्विट्जरलेन्ड

(C) इटली

(D) फ्रांस

58. कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना

(A) 1802 ई. में भारतीय भाषाओं में ऐतिहासिक शोध के लिए की गई थी

(B) 1802 ई. में भारतीय संस्कृति और परंपरा को समझने के लिए की गई थी

(C) 1800 ई. में केवल भारतीय सिविल सेवकों को प्रशिक्षित करने के लिए की गई थी

(D) 1800 ई. में सिविल सेवकों को भारतीय भाषाओं में प्रशिक्षित करने हेतु की गई थी

59. मौर्य साम्राज्य के संस्थापक कौन थे ?

(A) बिंदुसार

(B) बृहद्रथ

(C) अशोक

(D) चंद्रगुप्त मौर्य

60. यकृत में भण्डारित होते हैं

(A) A, B, C एवं D विटामिन

(B) केवल A तथा B विटामिन

(C) A, B एवं C विटामिन

(D) इनमें से कोई नहीं

61. नीति आयोग के एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023 में किस भारतीय राज्य ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया ?

(A) गुजरात

(B) महाराष्ट्र

(C) तमिलनाडु

(D) केरल

62. भारतीय संविधान की निम्न में से किस अनुसूची में दल-विरोधी अधिनियम के प्रावधान रखे गये हैं ?

(A) पाँचवीं अनुसूची

(B) द्वितीय अनुसूची

(C) आठवीं अनुसूची

(D) दसवीं अनुसूची

63. एशिया माइनर के भूमध्यसागरीय तट पर स्थित पर्वत श्रेणी कौन-सी है ?

(A) किरथर

(B) एलबुर्ज

(C) टारस

(D) पोन्टिक

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**49.** भारत के किस राज्य में चित्रकूट मंदिर स्थित है ?

(A) छत्तीसगढ़

(B) उड़ीसा

(C) मध्य प्रदेश

(D) उत्तर प्रदेश

**50.** वर्ष 1946 में बनी अन्तरिम सरकार में डा. राजेन्द्र प्रसाद के पास कौन-सा विभाग था ?

(A) प्रतिरक्षा

(B) गृह

(C) खाद्य एवं कृषि

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**51.** निम्न में से कौन-सा देश G7 का सदस्य नहीं है ?

(A) इटली

(B) अमेरिका

(C) फ्रांस

(D) रूस

**52.** दो तरलों A तथा B को मिलाने पर आदर्श तरल प्राप्त करने के लिए

(A) मिश्रण की एन्ट्रॉपी शून्य होनी चाहिए

(B) मिश्रण की मुक्त ऊर्जा शून्य होनी चाहिए

(C) मिश्रण की तापीय धारिता शून्य होनी चाहिए

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**53.** दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन सभ्यता कौन-सी है ?

(A) सिंधु घाटी

(B) चाइनीज

(C) इजिप्सियन

(D) मेसापोटामिया (इराक)

**54.** 1857 का विद्रोह किसके द्वारा पहेला वार 'प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' का रूप में वर्णित किया गया था ?

(A) वि. डी. सावरकर

(B) बाल गंगाधर तिलक

(C) आर. सि. मजुमदार

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55.** कौन-सी नदी 'बिहार का शोक' के रूप में जानी जाती है ?

(A) सोन

(B) गंडक

(C) कोसी

(D) गंगा

**56.** बिहार के किस जिले में लीची का उत्पादन सर्वाधिक होता है ?

(A) सिवान

(B) सोनपुर

(C) मुजफ्फरपुर

(D) छपरा

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**43.** भारत में वित्त आयोग का प्राथमिक कार्य है

(A) केन्द्र और राज्यों के मध्य राजस्व का बँटवारा

(B) संघ एवं राज्य सरकारों के मंत्रालयों को निधि का आवंटन करना

(C) राष्ट्रपति को वित्तीय मामलों में परामर्श देना

(D) वार्षिक बजट तैयार करना

**44.** कौन-सा देशान्तर कनाडा तथा अलास्का को अलग करता है ?

(A) 131° प.

(B) 161° प.

(C) 151° प.

(D) 141° प.

**45.** निम्न में से भारत में किस संविधान संशोधन ने एक राज्य में मुख्यमंत्री सहित मंत्रीपरिषद की अधिकतम संख्या निर्धारित की है ?

(A) 91वें संवैधानिक संशोधन ने

(B) 86 वें संवैधानिक संशोधन ने

(C) 81वें संवैधानिक संशोधन ने

(D) उपर्युक्त में से किसी संशोधन ने नहीं

**46.** एक प्रबल विद्युत अपघट्य की चालकता

(A) तनूकरण पर घटती है

(B) तनूकरण पर नहीं परिवर्तित होती है

(C) तनूकरण पर थोड़ी बढ़ती है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**47.** शिशु मृत्यु दर क्या है ?


(A) उस विशेष वर्ष में पैदा हुए 1000 जीवित बच्चों के अनुपात के रूप में 3 वर्ष की आयु से पहले मरने वाले बच्चों का अनुपात

(B) उस विशेष वर्ष में पैदा हुए 1000 जीवित बच्चों के अनुपात के रूप में 4 वर्ष की आयु से पहले मरने वाले बच्चों का अनुपात

(C) उस विशेष वर्ष में पैदा हुए 1000 जीवित बच्चों के अनुपात के रूप में 2 वर्ष की आयु से पहले मरने वाले बच्चों का अनुपात

(D) उस विशेष वर्ष में पैदा हुए 1000 जीवित बच्चों के अनुपात के रूप में 1 वर्ष की आयु से पहले मरने वाले बच्चों का अनुपात

**48.** निम्नलिखित आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?



(A) 12

(B) 14

(C) 10

(D) 8

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**70.** चन्द्रमा की सतह पर कोई वातावरण नहीं है क्योंकि

(A) वह पृथ्वी के नजदीक है

(B) गैस अणुओं का पलायन वेग उनमें वेग के मूल माध्य वर्ग से कम होता है

(C) वह पृथ्वी के चारों ओर भ्रमण करता है

(D) वह सूर्य से प्रकाश प्राप्त करता है

**71.** भारत के किस राज्य को खनिजलवणों का राज्य कहते हैं ?

(A) उड़ीसा

(B) पश्चिम बंगाल

(C) बिहार

(D) झारखण्ड

**72.** ग्रे क्रांति किससे संबंधित है ?

(A) मत्स्य पालन

(B) उर्वरक

(C) तिलहन

(D) आलू

**73.** कोसी मैदान की समुद्र तल से औसत ऊँचाई है

(A) 100 मीटर

(B) 30 मीटर

(C) 150 मीटर

(D) 300 मीटर

**74.** निम्नलिखित शृंखला में ? के स्थान पर क्या आएगा ?

117, 98, 80, 64, ?, 42

(A) 48

(B) 46

(C) 51

(D) 55

**75.** भारत के किस शहर को यूनेस्को ने भारत का पहला साहित्यिक शहर घोषित किया है ?

(A) जबलपूर म. प्र.

(B) कोजीकोड केरल

(C) कोलकाता प. बं.

(D) नासिक महाराष्ट्र

**76.** मलेरिया के लिए कुनैन एक सामान्य दवा है एक पौधे से प्राप्त होती है । यह दवा पौधे के किस भाग से प्राप्त होती है ?

(A) पत्तियाँ

(B) जड़

(C) तने की छाल

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**77.** भारत में किस क्षेत्र को वैश्वीकरण से स अधिक लाभ हुआ है ?

(A) सेवाएँ

(B) सभी क्षेत्रों को समान रूप से ला

(C) विनिर्माण

(D) कृषि

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

78. हल्दी पौध के किस भाग से हल्दी पाउडर प्राप्त होता है ?

(A) सूखा आधार

(B) सूखी जड़

(C) बीज

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. पाटना कॉलेज कब स्थापित हुआ ?

(A) 1865

(B) 1863

(C) 1861

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. भौतिक रूप में किस प्रकार हाइड्रोजन को भण्डारित किया जाता है ?

(A) हाइड्राइड के रूप में

(B) जल के रूप में

(C) हाइड्रोजन गैस के संपीड़न से

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

81. जब एक टेलीस्कोप के अभिदृश्यक लेंस का व्यास बढ़ता है तब टेलीस्कोप की विभेदन क्षमता

(A) अपरिवर्तित रहती है

(B) लेंस की फोकस दूरी पर निर्भर करती है

(C) बढ़ती है

(D) घटती है

82. 2023 की जनगणना के अनुसार किस भारतीय राज्य में साक्षरता दर सबसे अधिक है ?

(A) हिमाचल प्रदेश

(B) गोवा

(C) मिज़ोरम

(D) केरल

83. 100°C ताप पर वायु में जलने की तुलना में 100°C पर स्थित वाष्प में जलना

(A) ज्यादा वाष्पीकरण की गुप्त उष्मा के कारण कम खतरनाक है

(B) ज्यादा वाष्पीकरण की गुप्त उष्मा के कारण ज्यादा खतरनाक है

(C) कम वाष्पीकरण की गुप्त उष्मा के कारण कम खतरनाक है

(D) कम वाष्पीकरण की गुप्त उष्मा के कारण ज्यादा खतरनाक है

84. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राचीन भारत में बौद्ध शिक्षा प्रसिद्ध केन्द्र नहीं था ?

(A) नागपुर

(B) वल्लभी

(C) विक्रमशिला

(D) नालंदा

Prepp
Your Personal Exams Guide

**92.** हल्के बुलेटप्रूफ हेलमेट तथा आवरण अपने निर्माण में निम्न में किस फाइबर का उपयोग करते हैं ?

(A) टेरीलीन

(B) नाइलोन

(C) केवलार

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**93.** निम्नलिखित विकल्पों में से सही युग्म चुनें।

(A) चौथी पंचवर्षीय योजना – सेवा पर ध्यान

(B) पांचवीं पंचवर्षीय योजना – उद्योग पर ध्यान

(C) तृतीय वर्ष योजना – वैश्वीकरण पर ध्यान

(D) प्रथम पंचवर्षीय योजना – कृषि पर ध्यान

**94.** निम्नलिखित में से कौन-सा केंद्रीय बैंक का कार्य है ?

(A) रेपो-रेट का प्रबंधन करना

(B) वाणिज्यिक बैंक को ऋण देना

(C) सरकार को बैंक सुविधाएँ

(D) उपरोक्त सभी

**95.** निम्नलिखित में से कौन आस्ट्रेलिया महाद्वीप से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) आयर झील

(B) नल्लारबार मैदान

(C) साल्विन पर्वत

(D) सेल्विन घाटी

**96.** अशोक के स्तम्भ पर कौन-सी लिपि लिखी गई है ?

(A) ब्राह्मी

(B) सामरी

(C) पाली

(D) संस्कृत

**97.** 2024 में इटली के प्रधानमंत्री कौन हैं ?

(A) एम्मा बोनिनो

(B) रोसी बिंदी

(C) लौरा बोल्ड्रिनी

(D) जियोर्जिया मेलोनी

**98.** मेकॉले ने भारतीय शिक्षा पर अपना प्रसिद्ध मिनट कब जारी किया था ?

(A) 12 फरवरी 1835

(B) 12 फरवरी 1836

(C) 02 फरवरी 1835

(D) 01 फरवरी 1835

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**85.** एक पंक्ति में 15 कुर्सियाँ हैं । P का स्थान मध्य में है, और दाईं ओर से गिनती करने पर Q 12 वें स्थान पर है । P और Q के बीच कितनी कुर्सियाँ हैं ?

(A) 4

(B) 5

(C) 3

(D) 2

**86.** यदि C, B का भाई है, B, A का पुत्र है, D, C का पिता है और A महिला है, तो A है

(A) D की बहन

(B) D का पति

(C) D की पत्नी

(D) D की माता

**87.** स्थानीय प्रेस अधिनियम की अनुमति

(A) यदि समाचार पत्रों में कुछ भी आपत्तिजनक प्रकाशित हुआ तो समाचार पत्र की संपत्ति जब्त कर ली जाएगी

(B) यदि समाचार पत्रों में कुछ भी प्रकाशित किया गया जो आपत्तिजनक नहीं पाया गया तो प्रिंटिंग प्रेस को जब्त कर लिया जाएगा

(C) यदि समाचार पत्रों में कुछ भी प्रकाशित किया गया जो आपत्तिजनक पाया गया तो प्रिंटिंग प्रेस को जब्त कर लिया जाएगा

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**88.** उत्तर प्रदेश में हिम-रेखा की औसत ऊँचाई है

(A) 6500 मीटर

(B) 7500 मीटर

(C) 5500 मीटर

(D) 4500 मीटर

**89.** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन काँग्रेस का गठन किस वर्ष में हुआ था ?

(A) 1920

(B) 1919

(C) 1918

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**90.** दिल्ली सल्तनत के दौरान 'मुकद्दम' पद का इस्तमाल किनके लिए किया जाता था ?

(A) गाँव के सरपंच

(B) गाँव के लेखाकार

(C) राजस्व अधिकारी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**91.** बिहार के किस जिले में मखाना का उत्पादन सबसे अधिक होता है ?

(A) वैशाली

(B) मुजफ्फरपुर

(C) पटना

(D) मधुबनी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

112. एक्स-रे का एक गुण यह है कि उन्हें विक्षेपित किया जा सकता है

(A) विद्युत एवं चुम्बकीय दोनों क्षेत्र के साथ
(B) केवल विद्युत क्षेत्र से
(C) केवल चुम्बकीय क्षेत्र से
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

113. सोन नदी का उत्पत्ति स्थल अमरकंटक कहाँ स्थित है ?

(A) राजमहल पहाड़ियाँ
(B) महादेव पहाड़ियाँ
(C) मकालू श्रेणी
(D) मैकाल श्रेणी

114. केन्द्र और राज्य के मध्य विवादों का समाधान भारत के सर्वोच्च न्यायालय के किस क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आता है ?

(A) अपीलीय क्षेत्राधिकार
(B) प्रारम्भिक क्षेत्राधिकार
(C) परामर्शी क्षेत्राधिकार
(D) संवैधानिक क्षेत्राधिकार

115. डालमेटियन तट है

(A) अन्तरपर्वतीय
(B) पर्वत-पदीय
(C) कार्स्टजन्य पर्वत-पदीय
(D) नदी निक्षेपजन्य

116. सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख नगर का नाम क्या है जिसका पश्चिमी एशिया से व्यापारिक सम्बन्ध था ?

(A) रोपार
(B) लोथाल
(C) कालीबंगा (कालीबंगन)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

117. 2022 में फ्रांस के राष्ट्रपति के रूप में किसे पुनः चुना गया ?

(A) जीन-ल्यूक मेलेंचॉन
(B) एरिक ज़ेमौर
(C) मरीन ले पेन
(D) इमैनुएल मैक्रों

118. सूर्य के सुव्यवस्थित अध्ययन हेतु आदित्य L – 1 मिशन पर स्थापित वैज्ञानिक उपकरणों की संख्या है

(A) 9
(B) 6
(C) 7
(D) 5

105. मलेरिया फैलाने के अतिरिक्त, एनोफेलेस मच्छर वाहक है

(A) डेंगू एवं फाइलेरियासिस

(B) डेंगू एवं एन्सेफेलाइटिस

(C) एन्सेफेलाइटिस एवं फाइलेरियासिस

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

106. निम्नलिखित विकल्पों में से बेजोड़ जोड़ी का चयन करें ।

(A) गोबी : मंगोलिया

(B) कालाहारी : अमेरिका

(C) थार : भारत

(D) सहारा : अफ्रीका

107. किसने बंगाल में चिरस्थायी बंदोबस्त प्रणाली के शुरुआत की ?

(A) होल्ट मैकेंजी

(B) लॉर्ड कार्नवालिस

(C) वारन हेस्टिंग्स

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

108. केन्द्रीय विधान सभा में हानिरहित बम किसने फेंके ?

(A) जतिन दास

(B) बटुकेश्वर दत्त

(C) भगत सिंह

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

109. किसी व्यक्ति के रक्त समूह का निर्धारण होता है

(A) हेमोग्लोबिन की उपस्थिति से

(B) डब्ल्यू. बी. सी. एवं आर. बी. सी. के संयोजन से

(C) आर. बी. सी. के आकार से

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

110. साधन लागत पर एन. एन. पी. ________ के बराबर है ।

(A) साधन लागत पर जी.एन.पी.– शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

(B) बाजार मूल्य पर जी. एन. पी.

(C) प्रयोज्य व्यक्तिगत आय

(D) राष्ट्रीय आय

111. राष्ट्रीय काँग्रेस के ई. स. 1922 में गया का अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) महात्मा गांधी

(B) हाकिम आजमल खाँ

(C) चित्तरंजन दास

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

99. चुम्बकीय बल के मापन की ईकाई क्या है ?

(A) कोबाल्ट

(B) एम्पियर

(C) ओहम

(D) टेस्ला

100. मैदान में खेले जाने वाला कौन-सा खेल दुनिया में सर्वाधिक लोक प्रिय है ?

(A) होकी

(B) वौलीबाल

(C) सोसर (फुटबाल)

(D) क्रिकेट

101. पंचायत राज व्यवस्था में शासन व्यवस्था क्या निर्धारित की गयी है ?

(A) ग्रामीण, क्षेत्रीय एवं जनपद स्तर पर स्थानीय स्वशासन की त्रिस्तरीय संरचना

(B) ग्रामीण, क्षेत्रीय, जनपद एवं राज्य स्तर पर स्थानीय स्वशासन की चार स्तरीय संरचना

(C) ग्रामीण एवं क्षेत्रीय स्तर पर स्थानीय स्वशासन की द्विस्तरीय संरचना

(D) ग्रामीण स्तर पर स्थानीय स्वशासन की एक स्तरीय संरचना

102. निम्नलिखित में से कौन चंद्रगुप्त मौर्य से सम्बंधित नहीं है ?

(A) सुसिमा

(B) साँची

(C) रुद्रदामन का जूनागढ़ शिला-लेख

(D) विष्णुगुप्त

103. तेतीसवे ओलम्पिक में किस खेल को सम्मिलित नहीं किया गया है ?

(A) ट्रायथलान

(B) मोडर्न पेन्टाथलॉन

(C) तलवार बाजी

(D) क्रिकेट

104. किस अखबार ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की संभावित भविष्य की भूमिका के बारे में निम्नलिखित लिखा : '... हमारे देश की भावी संसद का केंद्र है ... और यह हमारे देशवासियों के लिए अकल्पनीय परिमाण की भलाई की ओर ले जाएगा' ?

(A) द इंडियन मिरर

(B) द न्यूयॉर्क टाइम्स

(C) द टाइम्स ऑफ इंडिया

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

119. समाज सुधारकों की सूची – I को उनके समाजों की सूची – II से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कोड से उत्तर चुनें ।

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | ब्रह्म समाज | i. | विष्णु शास्त्री पंडित |
| b. | रामकृष्ण मिशन | ii. | स्वामी विवेकानन्द |
| c. | सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी | iii. | राजा राममोहन राय |
| d. | विधवा विवाह समाज | iv. | गोपाल कृष्ण गोखले |

कोड :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iii | ii | i | iv |

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

120. निम्नलिखित में से कानूनी रूप से निर्धारित अधिकतम आकार जिसके आगे कोई भी किसान कोई भूमि नहीं रख सकता है ?

(A) भूमि समेकन

(B) भूमि सीमा

(C) बिचौलियों का उन्मूलन

(D) काश्तकारी सुधार

121. लोकसभा सदस्य, राज्यसभा सदस्य एवं राष्ट्रपति बनने के लिए न्यूनतम उम्र क्या होनी चाहिए ?

(A) 25, 30 एवं 35

(B) 25, 35 एवं 45

(C) 25, 30 एवं 30

(D) 25, 35 एवं 35

122. निम्न में से कौन छाया की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार है ?

(A) ध्रुवीकरण

(B) प्रकाश का ऋजुरेखीय प्रसार

(C) विवर्तन

(D) व्यतिकरण

123. बिहार में किसका भारत के वार्षिक उत्पादन का 71 प्रतिशत हिस्सा पैदा होता है ?

(A) अनानास

(B) संतरा

(C) लीची

(D) आम

124. बिहार राज्य कब प्रतिष्ठित हुआ ?

(A) 1915

(B) 1911

(C) 1906

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

143. नवीकरणीय ऊर्जा का अर्थ है
1. सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली
2. थर्मल प्लांट से उत्पादित बिजली
3. कोयले से उत्पादित बिजली
4. पवन ऊर्जा से उत्पादित बिजली

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :
(A) केवल 1 और 4
(B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 1, 2 और 3
(D) केवल 1 और 3

144. झांसी के पास देवगढ़ का मन्दिर और इलाहाबाद के पास गढ़वा मन्दिर में बनी मूर्तियां किस कला के महत्त्वपूर्ण अवशेष हैं ?
(A) राष्ट्रकूट कला
(B) गुप्त कला
(C) मौर्य कला
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

145. भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत बिहार विधान परिषद के प्रथम निर्वाचित सभापति कौन थे ?
(A) राय बहादुर सतीश चंद्र
(B) राजीव रंजन सिन्हा
(C) राजेंद्र प्रसाद
(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

146. भारत में प्रथम 3d मुद्रित मानव जैसे रोबोट का नाम है
(A) इन्द्रो
(B) रॉबकॉप
(C) मित्र
(D) मानव

147. एक ब्रिटिश नागरिक जो कि भारत में रह रहा है किस अधिकार की माँग नहीं कर सकता है ?
(A) धार्मिक स्वतंत्रता
(B) जीवन और वैयक्तिक स्वतंत्रता का संरक्षण
(C) व्यापार और व्यवसाय की स्वतंत्रता
(D) कानून के समक्ष समानता

148. भारत का सर्वाधिक क्षमता वाला तेल शोधन कारखाना कौन-सा है ?
(A) बरौनी
(B) मथुरा
(C) ट्रॉम्बे
(D) कोयली

149. निम्नलिखित में से किस सुफी सिलसिले की स्थापना बिहार में हुई थी ?
(A) कादरिया
(B) फिरदोसिया
(C) कलंदर
(D) कुबरिया

150. निम्न में से कौन-सा विटामिन पानी में घुलनशील है ?
(A) विटामिन A
(B) विटामिन D
(C) विटामिन K
(D) इनमें से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

138. 2023 में नोबेल शांति पुरस्कार किसे मिला ?

(A) अबी अहमद

(B) नादिया मुराद

(C) नर्गेस मोहम्मदी

(D) मारिया रेसा

139. कश्मीर घाटी किस प्रकार की घाटी है ?

(A) रिफ्ट

(B) अन्धी

(C) अपरदनजन्य

(D) विवर्तनिकी

140. राज एक बिंदु X से Y की तरफ 80 मीटर की सीधी दूरी तय करता है। वह दाएँ मुड़कर 50 मीटर चलता है, फिर पुन: दाएँ मुड़कर 70 मीटर चलता है। अंत में, दाएँ मुड़कर 50 मीटर चलता है। वह प्रारंभिक बिन्दु से कितनी दूर है ?

(A) 30 मीटर

(B) 45 मीटर

(C) 20 मीटर

(D) 10 मीटर

141. कांग्रेस-पूर्व संगठनों की सूची – I को उनके नेताओं की सूची – II से मिलाएँ और नीचे दिए गए कोड से उत्तर चुनें।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. इंडियन एसोसिएशन | i. दादाभाई नौरोजी |
| b. मद्रास महाजन सभा | ii. एम. वीरराघवाचार्य |
| c. बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन | iii. जस्टिस रानाडे |
| d. पूना सार्वजनिक सभा | iv. सुरेंद्रनाथ बनर्जी |

कोड :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iv | ii | i | iii |
| (C) | i | ii | iv | iii |

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

142. जब टीके के द्वारा शरीर में एन्टीजन प्रवेश करता है तब संक्रमण से लड़ने के लिए एन्टीबाडी की उत्पत्ति होती है

(A) बी एवं टी दोनों कोशिकाओं द्वारा

(B) केवल बी कोशिकाओं द्वारा

(C) केवल टी कोशिकाओं द्वारा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

132. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वर्तमान अध्यक्ष कौन है ?

(A) जी. माधवन नायर

(B) यू. आर. राव

(C) एस. सोमनाथ

(D) के. सिवन

133. UPI का विस्तृत रूप है

(A) अनइन्टरप्टेड पेमेन्ट इनीसियेसन

(B) यूनीफोर्म पेमेन्ट इन्सेप्सन

(C) यूनीफाइड पेमेन्ट इन्टरफेस

(D) यूनाइटेड पेमेन्ट इनीसियेसन

134. निम्नलिखित में से किस राज्य को लॉर्ड डलहौजी के हड़प नीति के तहत शामिल नहीं किया गया था ?

(A) नागपुर

(B) जयपुर

(C) संभलपुर

(D) सतारा

135. एक M कि. ग्रा. भार एवं e कूलम्ब आवेश वाला इलेक्ट्रान स्थिर अवस्था से V वोल्ट के विभवान्तर से गति करता है तब उसकी अन्तिम ऊर्जा जूल में होगी

(A) eV

(B) $\frac{eV}{M}$

(C) $\frac{e}{V}$

(D) MeV

136. अन्तर्राष्ट्रीय संधियों को लागू करने हेतु संसद द्वारा भारत के किसी एक हिस्से या सम्पूर्ण भारत के लिए कानून का निर्माण किया जा सकता है

(A) सभी राज्यों की सहमति से

(B) राज्यों के बहुमत की सहमति द्वारा

(C) सम्बन्धित राज्य की सहमति से

(D) राज्य की सहमति के बिना

137. निम्नलिखित में से कौन आजाद हिन्द फौज (आईएनए) से जुडा नहीं है ?

(A) एस. ए. डांगे

(B) प्रेम सिंह सहगल

(C) शहनवाज खान

(D) जनरल मोहन सिंह (General Mohan Singh)

www.prepp.in

125. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है ?

(A) अनुच्छेद 113

(B) अनुच्छेद 114

(C) अनुच्छेद 112

(D) अनुच्छेद 111

126. हिवी द्वीप किसकी सरिताओं के मध्य स्थित है ?

(A) महानन्दा

(B) विमसाधारा

(C) गोदावरी

(D) कृष्णा

127. CIRCLE का संबंध RICELC से है उसी प्रकार SQUARE का संबंध ________ से है ।

(A) UQSERA

(B) UQSARE

(C) ERAUQS

(D) AREUQS

128. निम्न में से किस बीज का उपयोग अभियांत्रिकीकृत हीरों के उत्पादन में होता है ?

(A) मोइज़ानाइट

(B) सफेद नीलम

(C) ग्रैफाइट

(D) घनाकार ज़िरकोनिया

129. 2023 में भारत में जी20 शिखर सम्मेलन किस शहर में आयोजित किया गया था ?

(A) बेंगलुरु

(B) हैदराबाद

(C) मुंबई

(D) नई दिल्ली

130. लेखकों की सूची – I को 1857 की पुस्तकों की सूची – II से मिलाएँ और नीचे दिए गए कोड से उत्तर चुनें :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | वी. डी. सावरकर | i. | प्रथम स्वतंत्रता संग्राम |
| b. | एस. एन. सेन | ii. | किसान और राज |
| c. | एरिक स्टोक्स | iii. | नागरिक विद्रोह और भारतीय विद्रोह में |
| d. | एस. बी. चौधरी | iv. | अठारह सौ सत्तावन |

कोड :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | i | iii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | i | iv | ii | iii |

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

131. बिहार के किस जिले में गेहूँ का उत्पादन सर्वाधिक होता है ?

(A) जहानाबाद

(B) भोजपुर

(C) रोहतास

(D) पटना